तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 26. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 28 सितंबर 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



मंगला से शिवघाट बराज तक मिलेगा एक और बाईपास 2




## सीसीटीवी से हो रही निगरानी, चप्पे-चप्पे पर बल तैनात, युवाओं से जब्त किए 17 सौ कड़े

# नैला दुर्गोत्सव में भगदड़ व उत्पात रोकने पुलिस ने कसी कमर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नैला के दुर्गोत्सव में दिनों दिन भीड़ बढती जा रही है। इसके साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस टीम मुस्तैद हो गई है। पूरे पंडाल क्षेत्र में पुलिस की पैनी नजर है। सीसीटीवी से जहां निगरानी की जा रही है, वहीं पुलिस बल भी जगह जगह पर तैनात है। सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था के मद्देनजर युवाओं के कड़े जब्त किए जा रहे है। पुलिस ने लोहे और स्टील के 17 सौ कड़े जब्त किए है।

नैला का दुर्गोत्सव साल दर साल अपनी भव्यता की ओर अग्रसर है। आकर्षक पंडाल और प्रतिमा को देखने बड़ी तादाद में प्रतिदिन श्रद्धालु पहुंच रहे है। छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से लोग यहां पहुंच रहे है। ऐसे में भीड़ काफी ज्यादा हो रही है। भीड़ में भगदड़ और उपद्रव को रोकने पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। आयोजन स्थल पर पुलिस सहायता केन्द्र खोला गया है। वहीं सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही है। साथ ही किसी भी तरह की स्थिति से निपटने के लिए चप्पे चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। भीड़ में विवाद और झगड़े की आशंका को देखते हुए पुलिस द्वारा लगातार सर्चिंग भी की जा रही है। इन दिनों युवाओं में मोटे कड़े पहनने का चलन बढ़ा है। विवाद या झगड़े की स्थिति में इन भारी भरकम कड़ों का इस्तेमाल हथियार के रूप में किया जा सकता है। इस बात को ध्यान में रखते हुए कड़े जब्त किए जा रहे है। पुलिस ने अब तक लोहे और स्टील के 17 सौ कड़े जब्त किए है।



### भीड़ से बचाने 7 पार्किंग पाइंट

दुर्गोत्सव क्षेत्र में भीड़ को रोकने की मंशा से पुलिस प्रशासन ने 7 पार्किंग पाइंट बनाए है। बलौदा की ओर से आने वालों के लिए नैला प्रायमरी स्कूल और बस स्टैण्ड के पास व्यवस्था की गई है। अकलतरा की ओर से आने वालों के लिए सरस्वती शिशु मंदिर नैला, जयभारत स्कूल के पास पार्किंग स्थल बनाया गया है। केरा रोड की ओर से आने वालों के लिए कचहरी चौक के सी मार्ट परिसर, गणेश समिति ग्राउंड और मिशन कम्पाउंड भांठापारा में पार्किंग व्यवस्था की गई है। नैला स्टेशन जाने वाले शारदा चौक होते हुए नेभनदास गली से जाएंगे। स्टेशन से जांजगीर आने वाले अग्रवाल प्रिंटिंग के सामने से नहरिया बाबा रोड होते हुए आएंगे।

## दुर्गा पंडाल से मोबाइल की चोरी, दो आरोपी गिरफ्तार

**अकलतरा।** ग्राम पचरी में दुर्गा पंडाल से तीन मोबाइल की चोरी कर ली गई। पुलिस ने मोबाइल चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

इस संबंध में अकलतरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम के पचरी के सार्वजनिक महामाया दुर्गा पंडाल में गांव के ही निखिल कंवर और उसके दो दोस्त 25 सितंबर की रात सो गये थे। सुबह जब उठकर देखा तो सभी का मोबाईल गायब था। मामले की रिपोर्ट अकलतरा थाना में दर्ज कराई गई। ग्राम वासियों ने बताया कि गांव का संजू कश्यप आदतन चोर है एक दिन पहले जेल से आया था एवं रात में चांपा निवासी अपने दोस्त सुरेश यादव के साथ घूमते दिखा था। पुलिस ने दोनों आरोपियों के पास से तीनों मोबाइल बरामद किया। पुलिस ने संजू कश्यप और सुरेश यादव को धारा 331 (4) 305 (ए), 3 (5) बीएनएस के तहत गिरफ्तार किया और न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।











## अवैध शराब के साथ दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अवैध शराब परिवहन कर बिक्री करने वाले 2 आरोपियों को चांपा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 60 पाव देशी शराब जब्त की गई है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि सिवनी उमरेली रोड फाटक के पास तथा हाईवे अंडर ब्रिज के नीचे से दो व्यक्ति अवैध रूप से शराब बिक्री करने परिवहन कर रहे है। सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान दुरपा बाराद्वार निवासी 24 वर्षीय ब्यासनारायण यादव और सरहर बाराद्वार निवासी 30 वर्षीय मुकेश यादव को पुलिस ने पकड़ा। उनके कब्जे से अलग- अलग 30-30 पाव देशी शराब जब्त की गई। जब्त शराब की कीमत 48 सौ रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।






## खबर संक्षेप

### तनेरा क्षेत्र में गजराजों का आतंक, दो मवेशियों को उतारा मौत के घाट

**कोरबा।** कटघोरा वनमंडल में हाथियों का आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा है। पसान रेंज में गजराजों का आतंक लगातार जारी है। यहां के तनेरा सर्किल में 54 की संख्या में हाथी विचरण कर रहे हैं जिनके द्वारा भारी उत्पात मचाया जा रहा है। गुरुवार की रात को हाथियों के इस झुण्ड ने तनेरा क्षेत्र के बागपानी गांव में घुसकर जहां एक ग्रामीण के मकान को ढहा दिया, वहीं एक अन्य के घर के बाहर गोठान में बंधे दो मवेशियों को मार डाला। हाथियों द्वारा क्षेत्र में उत्पात मचाए जाने से क्षेत्रवासी काफी भयभीत हैं। ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना दिए जाने पर वन विभाग का अमला आज सुबह मौके पर पहुंचकर नुकसानी का आंकलन शुरू कर दिया है, वहीं पोस्टमार्टम के बाद मृत मवेशियों को उसके मालिक के हवाले कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार हाथियों ने जिस समय संबंध सिंह नामक ग्रामीण के घर को निशाना बनाया उस समय संबंध सिंह व उसके परिवार के सदस्य गहरी नींद में सो रहे थे। हाथियों की चिंघाड़ सुनकर अचानक जागे और घर के भीतर एक कमरे में छिपकर अपनी जान बचाने के साथ वन विभाग को सूचित किया, जिस पर हाथी ड्यूटी में तैनात कर्मचारी तत्काल मौके पर पहुंचे और वहां मौजूद हाथियों को खदेडऩे की कार्यवाही की। हाथियों के झुण्ड ने जंगल की ओर जाने से पहले एक ग्रामीण के घर के बाहर बंधी मवेशियों पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया।

### तेज रफ्तार का कहर, कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**कोरबा।** कटघोरा थाना क्षेत्र के कारखाना एरिया में गुरुवार को तेज रफ्तार कार मारुति ऑल्टो के-10 ने एक बाइक सवार को जोरदार ठोकर मार दी। तेज रफ्तार से आ रही कार अचानक सामने से गुजर रही बाइक को टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार युवक उछलकर सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद कार अनियंत्रित होकर सड़क पर दो बार पलटी खा गई। कार में महिला समेत तीन लोग सवार थे, जिन्हें मामूली चोटें आई हैं। वहीं बाइक चला रहा युवक बुरी तरह जख्मी हो गया है। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल 112 डायल कर पुलिस को सूचना दी और घायल को अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने सिम्स बिलासपुर रेफर कर दिया है। घायल युवक की पहचान मोहनपुर निवासी के रूप में हुई है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज जब्त कर जांच शुरू कर दी है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि कार की रफ्तार काफी ज्यादा थी, जिसकी वजह से वाहन चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख पाया और यह बड़ा हादसा हो गया।

### अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का आयोजन 1 को

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन में जिले में वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा, संरक्षण एवं सम्मान के प्रति जन सामान्य में चेतना विकसित करने हेतु प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 1 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का आयोजन किया जाएगा। उक्त आयोजन में वरिष्ठ नागरिकों के लिए सम्मान समारोह, कार्यशाला, सेमीनार, जागरूकता शिविरों आदि का आयोजन शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं के सहयोग से कराया जाएगा। कलेक्टर ने जिला मुख्यालय से लेकर खण्ड स्तर, नगर निगम, नगर पालिका तथा नगर पंचायतों में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का आयोजन कराने एवं किए गए कार्यक्रम की प्रतिवेदन के साथ फोटोग्राफ इत्यादि जिला कार्यालय समाज कल्याण को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया है।

### भाई को दी गाड़ी, मांगने पर नहीं दे रहा वापस, मामला दर्ज

**कोरबा।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बी-2 एस.एस.ग्रीन कालोनी निवासी रौनक भज्जनका उम्र 29 वर्ष पिता राजकुमार अग्रवाल ने थाने मे रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह स्वीप्ट डिजायर क्र. सीजी -24 सी 5815 की पंजीकृत स्वामी है। लगभग 7-8 माह पूर्व रौनक के बड़े पिता के पुत्र रोहित अग्रवाल पिता विजय अग्रवाल, निवासी आर्शीवाद वेली, बिलासपुर हाईकोर्ट के द्वारा अपनी गाड़ी खराब होने की बात कहते हुए रौनक की कार को 2 माह के लिए मांगा गया जिस पर रौनक ने अपनी गाड़ी को दे दिया। जिसके बाद काफी महीनों तक रौनक की कार को वापस ना करने पर रौनक के द्वारा अपनी कार को वापस मांगा तो रोहित अग्रवाल के द्वारा रौनक की कार को वापस ना करते हुए रौनक के साथ गाली गलौच किया जा रहा है तथा रौनक को उसके कार में गांजा व चरस रख कर बेचने की बात कहकर रौनक का भयादोहन भी किया जा रहा है। मामले में रौनक की रिपोर्ट पर पुलिस द्वारा रोहित अग्रवाल के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।




## सात करोड़ की लागत से बनेगी डामर रोड

# मंगला से शिवघाट बराज तक मिलेगा एक और बाईपास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मंगला से शिवघाट बराज के बीच शहरवासियों को एक और बाईपास आवागमन के लिए मिलेगा। सात करोड़ रूपए की लागत से इस सड़क का निर्माण सिंचाई विभाग करेगा। शहर के लोगों को न केवल मंगला-धुरीपारा से सीधे सरकंडा जाने में यह सड़क काफी मददगार साबित होगी, बल्कि शहर के भीतर से यातायात का दबाव भी कम होगा।

धुरीपारा-मंगला से सरकंडा जाना चाह रहे लोगों को अब शहर के भीतर प्रवेश करने की कोई जरूरत नहीं होगी। वे शिवघाट बराज से होते हुए सीधे सरकंडा जा सकेंगे। सिंचाई विभाग द्वारा एसटीपी मंगला से शिवघाट बराज तक छह सौ मीटर लंबाई वाली एक डामर सड़क बनाई जा रही है। यह सड़क डामरीकृत होगी, जिसकी कुल चौड़ाई दस मीटर होगी। इसके अंतर्गत साढ़े सात मीटर डामर सड़क व शेष चौड़ाई में शोल्डर का निर्माण किया जाएगा। सड़क की कुल लागत 682.22 लाख रूपए होगी, जिसमें सड़क के अलावा नदी के दोनों ओर प्रोटेक्शन वाल व पिचिंग संबंधी कार्य भी किया जाना प्रस्तावित है।



### डीएमएफ से कलेक्टर ने दी स्वीकृति

कलेक्टर द्वारा शिवघाट बराज के निरीक्षण के दौरान मंगला से बराज तक सड़क निर्माण कर शहरवासियों के लिए एक और वैकल्पिक मार्ग तैयार करने संबंधी चर्चा सिंचाई विभाग के अधिकारियों से की गई थी। इसके बाद इसकी पूरी प्लानिंग व बजट तैयार कर सिंचाई विभाग द्वारा निर्माण की स्वीकृति ले ली गई। इसके लिए फंड की व्यवस्था जिला खनिज न्यास मद से की जा रही है।

### निविदा आमंत्रित की गई है

मंगला-धुरीपारा से शिवघाट बराज के बीच एक बाईपास डामर रोड बनाया जाना प्रस्तावित है। सिंचाई विभाग द्वारा बनाई जाने वाली दस मीटर चौड़ाई वाली इस सड़क की लागत करीब सात करोड़ रूपए होगी। निविदा आमंत्रित की जा चुकी है।

**पीएन श्रीवास्तव**, एसडीओ, खारंग जल संसाधन संभाग

# असामाजिक तत्वों ने बाइक में लगाई आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

असामाजिक तत्वों ने एक ग्रामीण के घर के बाहर खड़ी उसके कार और दो मोटरसाइकिल में पेट्रोल डालकर आग के हवाले कर दिया। जब तीनों गाड़ी धूं-धूंकर जलने लगी तब गाड़ी मालिक व ग्रामीणों को इसकी सूचना मिली तब उन्होंने आग को बुझाने का भरपूर प्रयास किया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी और तीनों गाड़ी जलकर पूरी तरह से खाक हो चुकी थी। इस घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी और पुलिस ने मामले में बारीकी से जांच शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस ने



असामाजिक तत्वों के द्वारा जलाया गया मोटर सायकल एवं चार पहिया वाहन

मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच में जुटी हुई है।

मामला उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम तिलकेजा की है। यहां निवासरत नरेंद्र उरांव मशरूम की खेती का काम करता है जो अपने घर के बाहर रोज की तरह अपनी कार और मोटरसाइकिल को खड़ी कर रखा हुआ था। बीती रात को लगभग 12 से 3 बजे के बीच असामाजिक तत्वों ने कार व दो मोटरसाइकिल को आग के हवाले कर दिया। 4 मिनट में ही आग ने विकराल रूप ले लिया और तीनों गाड़ी धूंधूंकर जलने लगी। जब आवाज आने लगी तब नरेंद्र उरांव और आसपास में रहने वाले लोगों की नींद खुली और उन्होंने गाड़ी में लगे आग को बुझाने का प्रयास किया लेकिन तब तक तीनों गाड़ी बुरी तरह से जल चुकी थी। शुक्रवार की सुबह नरेंद्र ने इसकी सूचना पुलिस को दी। आगजनी की सूचना पाते ही उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी दलबल सहित मौके पर पहुंचे थे। जहां पुलिस ने मामले की बारीकी से जांच शुरू कर दी है। उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी ने बताया कि नरेंद्र की लिखित शिकायत पर पुलिस ने आगजनी की घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उनकी खोजबीन शुरु कर दी है।

### मासूम बच्ची को पानी से भरे ड्रम में डाला, युवक की पिटाई

**कोरबा।** नशे में धुत्त एक युवक ने पड़ोस में रहने वाले 7 वर्षीय मासूम बच्ची को पानी भरे ड्रम में डाल दिया था जब परिजनों की नजर पड़ी तो उन्होंने तुरंत बच्ची को बाहर निकाला। जिसके बाद नशे में धुत्त युवक की जमकर धुनाई की गई। मारपीट की सूचना पर पुलिस की टीम ने उसे हिरासत में ले लिया था लेकिन बाद में मासूम बच्ची के परिजन अपराध दर्ज कराने नहीं पहुंचे जिसके चलते देर शाम तक मामले में अपराध दर्ज नहीं हो पाया था।

मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के सीतामणी बस्ती की है। यहां निवासरत सूरज नामक युवक ने पड़ोस में रहने वाली 7 वर्षीय मासूम बच्ची को मजाक मजाक में पानी से भरे ड्रम में डाल दिया था। जब परिजनों ने युवक की हरकत को देखा तो मासूम बच्ची को तत्काल ड्रम से बाहर निकाला गया और घटना को अंजाम देने वाले युवक की जमकर पिटाई की गई है। पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया था। मामले को लेकर नगर कोतवाल मोती पटेल ने बताया कि देर शाम को मासूम बच्चे के परिजनों ने अपराध दर्ज ना कराने को लेकर आवेदन दिया है जिसके चलते पुलिस ने इस मामले में अपराध दर्ज नहीं किया है।

# जिले में पहली बार जनपद पंचायत की कमान सौंपी गई आईएएस को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




जिले में पहली बार किसी जनपद पंचायत की कमान प्रशिक्षु आईएएस को सौंपी गई है। अब तक प्रशिक्षु आईएएस को कटघोरा एसडीएम ही बनाया जाता रहा है। इस बार जनपद पंचायत कोरबा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर प्रशिक्षु आईएएस की पदस्थापना की गई है। जिस पद पर अब तक मंडल संयोजक या डिप्टी कलेक्टर स्तर के अधिकारियों की पदस्थापना होती रही है।

जिले को राज्य शासन की ओर से दो प्रशिक्षु आईएएस मिले हैं, जिससे आईएएस की संख्या 4 हो गई है। कलेक्टर अजीत वसंत के अलावा निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय भी आईएएस अवार्ड हो चुके हैं। वहीं कटघोरा एसडीएम प्रशिक्षु आईएएस तन्मय खन्ना की पदस्थापना की गई है। इसी तरह जनपद पंचायत कोरबा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर प्रशिक्षु आईएएस क्षितिज गुरभेले की पदस्थापना की गई है। उन्होंने दो दिन पूर्व ही पदभार ग्रहण किया है। पूर्व में पदस्थ कौशिल्य गबेल को ट्रायबल विभाग में अटैच किए जाने से उन्हें नई जिम्मेदारी दिए जाने की तैयारी की गई है। जिले में पांच जनपद पंचायत है। जिनमें कोरबा जनपद पंचायत जिला मुख्यालय में संचालित है। जिसके अंतर्गत 76 ग्राम पंचायत आते हैं। राजनीतिक रुप से जनपद पंचायत हमेशा चर्चा में रहा है। प्रशिक्षु आईएएस की पदस्थापना होने से जनपद के कार्यों में कसावट आने के साथ कर्मचारियों की मनमानी और लालफीताशाही पर भी लगाम लगेगी।

# ऋचा अंतराष्ट्रीय कोच से ट्रेनिंग लेने पहुंची रायपुर

**कोरबा।** विवेकानंद मर्टियल आर्ट्स फिटनेस क्लब रायपुर द्वारा आयोजित किया गया ओपन इंटर नेशनल म्यु थाई ट्रेनिंग कैंप में प्रदेशभर के खिलाड़ी शामिल हुए। वहीं जिले की खिलाडी व पीजी कॉलेज की छात्रा सुश्री ऋचा स्वर्णकार ट्रेनिंग में पहुँची थी। उन्होंने ग्रैंड मास्टर क्रू सुफान थाईलैंड से और ग्रैंड मास्टर क्रू मामी सातो जापान से प्रशिक्षण ली। म्यु थाइ की प्रतियोगिता, जीवन और कल्चर के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। सभी को आत्मरक्षा रोड फाइट की भी जानकारी दी गई। ऋचा स्वर्णकार ने बताया कि उनके घर में भी माता पिता हमेशा ऐसे कार्यों के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करते हैं आज जो भी है जहा भी सब उन्हीं की वजह से है जीवन में माता पिता और गुरु की अहम भूमिका है। उनके स्कूल कॉलेज के शिक्षक हमेशा साथ देते हैं। प्रो अजय कुमार पटेल और प्रो मधु जिन्होंने हमेशा साथ दिया और आगे बढ़ने के लिए हमेशा प्रोत्साहित किया।

# कोयला कर्मियों को 1 लाख 3 हजार रूपए बोनस की मिली सौगात

**इस वर्ष बोनस में 9 हजार 250 हजार रुपए की हुई बढ़ोतरी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

इस दीपावली कोयला कर्मियों को 1 लाख 30 हजार रूपये बतौर बोनस मिलेगी, जो पिछले वर्ष की तुलना में 9 हजार 250 रूपये अधिक है। बोनस की राशि 26 सितंबर से कोयला कर्मियों के खाते में आनी शुरू हो गई है। कोल इंडिया के 2 लाख से अधिक कर्मियों को बोनस का लाभ मिलेगा।

उल्लेखनीय है कि कोल इंडिया के अनुषांगिक कंपनियों में कार्यरत कोयला कर्मियों के बोनस निर्धारण करने वाली मानकीकरण समिति की बैठक नई दिल्ली स्थित सीआईएल कार्यालय में 25 सितंबर को आयोजित की गई। बैठक में बोनस पर चर्चा की गई, इस दौरान प्रबंधन ने 90 हजार 800 रूपये बोनस का प्रस्ताव रखा, जिसे श्रमिक संगठनों ने खारिज कर दिया। 1 लाख 30 हजार रूपये देने का प्रस्ताव रखा।



बैठक में उपस्थित कोल इंडिया के अधिकारी एवं अन्य।

जिस पर प्रबंधन ने असहमति जताई। वहीं प्रबंधन ने 98 हजार 500 रुपए बोनस दिए जाने का प्रस्ताव रखा। देर रात चली इस बैठक में खिरकार प्रबंधन द्वारा कोल कर्मियों को 1 लाख 3 हजार रुपए बोनस दिए जाने का निर्णय लिया गया है।

मानकीकरण समिति की बैठक की अध्यक्षता समिति के चेयरमेन उदय ए काओले की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कार्मिक निदेशक विनय रंजन, बीसीसीएल के निदेशक एचआर मुरली कृष्ण रमैय्या सहित कोल इंडिया के सभी अनुषंगी कंपनियों के कार्मिक निदेशक एचआर व कुछ सीएमडी सहित श्रमिक संगठन से रमेन्द्र कुमार, जयमंगल सिंह, एसक्यू जामा, सुधीर घुर्डे, सुजीत सिंह, टीएस पवन कुमार, शिवकांत पाण्डेय, शिव कुमार यादव, रियाज अहमद, हरिद्वार सिंह, डीडी रामानंदन, आरपी सिंह सहित अन्य प्रतिनिधि शामिल रहे।

# अलग-अलग घटना में दो लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई है। जहां एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई है जबकि एक महिला की तबीयत बिगड़ने पर उसकी मौत हो गई है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

पहली घटना उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत घटित हुई है। यहां निवासरत ओमप्रकाश 33 वर्ष पिता संतराम दिवाकर अपने एक अन्य साथी के साथ मोटरसाइकिल में सवार होकर जा रहा था कि ग्राम करमंदी के पास पहुंचा था कि उसकी मोटरसाइकिल एक दूसरे मोटरसाइकिल से आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस सड़क हादसे में ओमप्रकाश व विजेंद्र नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है जहां इलाज के दौरान ओमप्रकाश दिवाकर की मौत हो गई है जबकि इस सड़क हादसे में दूसरे बाइक में सवार रामपुर निवासी विजेंद्र नामक युवक घायल हो गया है जिसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। दूसरी घटना उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम कथरीमाल की है यहां निवासरत शारदा बाई उम्र 35 वर्ष पति रामचंद्र राजवाड़े की तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था। जहां इलाज के दौरान शारदा बाई की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले में जांच शुरू कर दी है।

### स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत शिविर

**कोरबा।** जिले में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का आयोजन किया जा रहा है। 24, 25 एवं 26 सितंबर को आयोजित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में लगभग 17सौ गर्भवती महिलाओं का पंजीयन किया गया जिसमें 642 उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाएँ जाँच एवं उपचार हेतु उपस्थित हुई। कलेक्टर अजीत वसंत एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिले के नागरिकों जनप्रतिनिधियों से अधिक से अधिक संख्या में महिलाओं, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं की शिविर में जाँच कराने हेतु प्रेरित करने का आग्रह किया है।

**कार्यालय संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र, सक्ती (छ.ग.)**

क्रमांक 547 दिनांक 24/09/2025

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सुरेश देशमुख पिता मूलचंद देशमुख पता-क्वा. नं. एस.डी. 191, ए.बी. टाईप, सी.एस.पी.सी.एल. कालोनी कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.), सामान्य आवास योजनांतर्गत जांजगीर में भवन / भूखण्ड क्र. एच.आई.जी. ।। स्टेण्डर्ड-82 छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के आबंटन आदेश क्रमांक 2761 दिनांक 20/07/2012 है तथा जिसका आधिपत्य आदेश क्रमांक 2123 दिनांक 25/02/2015 है। आवेदक द्वारा उक्त भवन को श्रीमती भुवनेश्वरी यादव पति श्री महेन्द्र कुमार यादव, निवासी-हाईस्कूल पारा, छोटे डोंगर नारायणपुर, तहसील व जिला-नारायणपुर (छ.ग.) को विक्रय करने हेतु बिक्री इकरारनामा प्रस्तुत किया गया है। उक्त भवन के क्रय विक्रय में किसी व्यक्ति, शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था या अन्य को इस संबंध में कोई भी आपत्ति हो तो 07 दिवस के भीतर मय दस्तावेज के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि समाप्ति पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र-सक्ती (छ.ग.)**

**समक्ष श्रीमान नोटरी महोदय पामगढ़. जिला - जांजगीर चांपा छ.ग.**

**शपथ पत्र**

मैं ममता पटेल उम्र 32 वर्ष पिता स्व. नारद पटेल जाति मरार निवासी खरखोद थाना व तहसील पामगढ जिला जांजगीर चाम्पा छ.ग. की निवासी हूं जो शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन करती हूंः-

01. यह कि मैं सत्र 2014-15 में सूर्या कालेज जांजगीर-चांपा से ए.एन.एम. द्वितीय वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण किया हूं और अंकसूची प्राप्त कर चुकी थी।
02. यह कि मेरी उक्त अंकसूची यात्रा के दौरान गुम गई है जो ढूंढने पर अब तक प्राप्त नही हुई है।
03 . यह कि मैं एन.एम. द्वितीय वर्ष की अंकसूची की द्वितीय प्रति की अंकसूची प्राप्त करना चाहती हूं। मेरे द्वारा किसी प्रकार से गलत तथ्यों को छिपाया एवं दर्शाया नहीं गया है।
04. यह कि मैं अंकसूची की द्वितीय प्रति प्राप्ति के लिए कालेज की समस्त नियम एवं शर्तों का पालन करने को सहमत हूं।

अस्तु अंकसूची की द्वितीय प्रति प्राप्ति हेतु शपथ पत्र निष्पादित किया।

**ममता पटेल**
**शपथकर्ता**

**-: सत्यापन :-**

मैं ममता पटेल उम्र 32 वर्ष यह सत्यापित करती हूं। कि उपरोक्त कंण्डिका 01 से 04 की बातें मेरे ज्ञान एवं जानकरी से सत्य एवं सही है जिसे आज दिनांक 29/09/2025 को स्थान पामगढ में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

चंद्र प्रकाश

**स्थान - पामगढ़**
**दिनांक -29/09/2025**

**ममता पटेल**
**सत्यापनकर्ता**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी पामगढ़, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक / 1215/स्टेनो/अ.वि.अ./ 2025
ग्राम-राहौद, प.ह.नं.-23, तहसील पामगढ़
जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुलोचनी देवी पति सुरेशचंद साकिन राहौद तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा ग्राम राहौद तहसील पामगढ़ में स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं.-1390/18 रकबा 0.02 एकड़ भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु पुनः निर्धारण करने बाबत् आवेदन पत्र पेश किया गया है। उक्त भूमि के व्यावसायिक प्रयोजन हेतु पुनः निर्धारण किये जाने में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह लिखित रूप से दिनांक 08/10/2025 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 24/09/2025 को जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/**
**सक्षम प्राधिकारी**
**पामगढ़**



## खबर संक्षेप

### रेलवे स्टेशन परिसर में आज विराजमान होगी मां दुर्गा



**अकलतरा।** नगर के रेलवे स्टेशन परिसर दुर्गा पंडाल में सप्तमी के दिन दुर्गा माता विराजित होंगी। गौरतलब है कि रेलवे स्टेशन परिसर में कुमार शारदीय नवरात्र का यह 67 वां आयोजन वर्ष है। यहां पर पारंपरिक रूप से बंगाली रीति रिवाज एवं ढोल नगाड़ों के साथ सप्तमी के दिन से दुर्गा मां की आराधना प्रारंभ की जाती है। आयोजन समिति के संरक्षक नरेश केडिया ,मंगल केडिया ,कमल केडिया, चंद्र प्रकाश पांडे,संतोष राठी ,आशीष प्रसाद ने बताया इस बार स्टेशन में दुर्गा की भव्यता बहुत ही अलग रहेगी। यहां आने वाले श्रद्धालुओं के आकर्षण के तौर पर विभिन्न प्रकार की झांकियां लाई गई है साथ ही मनमोहक एवं शानदार लाइटिंग व्यवस्था भी की गई है। यहां की दुर्गा माता को देखने भीड़ उमड़ना चालू हो गया है। समिति के अध्यक्ष रमेश पालीवाल और नीलेश केडिया ने बताया सप्तमी के दिन मां दुर्गा विराजमान होगी और दशहरा के दूसरे दिन मां दुर्गा का विसर्जन किया जाएगा। चारों दिन शाम के भंडारा का आयोजन किया जाएगा साथ ही प्रतिदिन प्रसाद की व्यवस्था रहेगी। दशहरा की रात को क्षेत्र भर से आए लोगों के लिए संस्कृत कार्यक्रम का आयोजन समिति द्वारा किया गया है।

### प्रयोगशाला तकनीशियन पद पर पुष्पलता दिनकर का चयन

**पामगढ़।** ग्राम कोसीर पामगढ़ निवासी कु. पुष्पलता दिनकर का चयन प्रयोगशाला



तकनिशियन के पद पर हुआ है। प्रारंभ से ही प्रतिभाशाली, कुशाग्र बुद्धि की धनी पुष्पलता दिनकर अपने बड़े भैया अरुण दिनकर शिक्षक के मार्गदर्शन एवं स्वअध्ययन कर उच्च शिक्षा विभाग में प्रयोगशाला तकनिशियन के पद चयनित हुई है। पुष्पलता दिनकर ने अपनी सफलता का श्रेय अपने बड़े भैया अरुण दिनकर और सीजी गवर्नमेंट जाब्स इनफार्मेशन ग्रुप जोरैला पामगढ़ को दिया है। जिनके द्वारा ग्राम भिलौनी में बच्चों को नवोदय विद्यालय कोचिंग एवं अन्य प्रकार की कोचिंग छात्रों को निःशुल्क दी जाती है । इनके चयन से क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है।

### साहू समाज की विकृतियों को दूर करने किया जाएगा प्रयास



**बेल्हाडीह-जेठा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष डॉ नीरेंद्र साहू प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित होने के पश्चात अपनी टीम के साथ आभार प्रदर्शन करने शक्ति जिले के लवसरा गांव पहुंचे, जहां उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान प्रदेश साहू समाज के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष डॉ नीरेंद्र साहू ने कहा की साहू समाज की विकृतियों को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। समाज उत्साहित है और हर दिशा में काम करने को तैयार है। समाज समरसत्ता की ओर आगे बढ़ना चाहता है और समाज में एक जुटता होनी चाहिए। समाज में सुधार लाने के लिए विभिन्न परिस्थितियों पर चर्चा करते हुए कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इस दौरान नवनिर्वाचित प्रदेश उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश साहू, तिलक राम साहू, साधना साहू प्रदेश संगठन सचिव सुनील साहू चंद्रावती साहू प्रदेश संयुक्त सचिव बिना साहू प्रदीप साहू शक्ति जिला अध्यक्ष एवं शक्ति के पूर्व विधायक डॉक्टर खिलावन, साहू जांजगीर चांपा जिला अध्यक्ष एवं जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू, पूर्व मंत्री मेघाराम साहू, कोरबा जिला अध्यक्ष गिरिजा साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष कवलधर साहू, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अमृतलाल साहू, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन कुमारी साहू, कार्यकारी अध्यक्ष रामनरेश साहू, महामंत्री सुखचरण साहू, कोषाध्यक्ष डॉ पूरन साहू, सचिव प्रहलाद साहू सहित घनश्याम साहू परिक्षेत्र अध्यक्ष आकाश साहू, नर्मदा साहू, शत्रुघ्न साहू, मालिक राम साहू, चंद्रकांत साहू, सुरेश साहू, टीकाराम साहू, डोरेश्वर साहू, दिनेश साहू, शांतिलाल साहू, भूपेन साहू सहित सामाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मुलमुला में स्वास्थ्य संबंधी दी गई जानकारी



**मूलमुला।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मूलमुला में स्वास्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई एवं महिला सम्मान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सरपंच अमितेंद्र सिंह, लाल सिंह, जनपद सदस्य श्रीमती पुष्पा लता यादव , बसंत साहू ,डॉ आकांक्षा सिंह, डॉ जी. पी गोस्वामी, श्री दिनेश कुमार फार्मासिस्ट, एवं समस्त स्टाफ कर्मचारी उपस्थित थे।

राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर स्वयंसेवकों ने जागरूकता आधारित नुक्कड़ नाटक की दी प्रस्तुति

# बाल विवाह मुक्त भारतीय समाज का निर्माण स्वयंसेवकों का दायित्व: डॉ. मेहता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

शासकीय डॉ. इंद्रजीत सिंह महाविद्यालय अकलतरा में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत रासेयो स्वयंसेवकों द्वारा प्रस्तुत जागरूकता आधारित नुक्कड़ नाटक ने समाज को संवेदनशील बनाने का प्रभावशाली संदेश दिया।

स्थापना दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके पश्चात अतिथियों का पुष्पगुच्छ के साथ स्वागत किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनेंद्र मेहता ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को समाज सेवा के साथ शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया एवं कहा कि बाल विवाह मुक्त भारतीय समाज का निर्माण प्रत्येक स्वयं सेवक का दायित्व है। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सीमा जायसी ने स्वयंसेवकों को रासेयो की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि एवं कार्यप्रणाली से अवगत कराया। प्रो. एल. पी. मिरी ने स्वयंसेवकों के उत्तरदायित्वों पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक विकास में युवाओं की भूमिका को बताया। इस अवसर पर वर्षभर की गतिविधियों को भी प्रस्तुत किया गया, जिसमें वृक्षारोपण, साक्षरता अभियान,



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं रासेयो के स्वयं सेवक।

स्वच्छता कार्यक्रम, स्वास्थ्य जागरूकता, महिला सशक्तिकरण और विभिन्न सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्य शामिल रहे। इस अवसर पर बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत रासेयो स्वयंसेवकों द्वारा प्रस्तुत जागरूकता आधारित नुक्कड़ नाटक ने समाज को संवेदनशील बनाने का प्रभावशाली संदेश दिया। पूरे आयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों "सेवा परमो धर्मः" की भावना झलकती रही। यह कार्यक्रम न केवल स्थापना दिवस का उत्सव रहा, बल्कि समाज सुधार, सांस्कृतिक संवर्धन और युवा शक्ति को प्रेरित करने का सशक्त मंच भी सिद्ध हुआ।

## इंदिरा गांधी महाविद्यालय में मनाया गया एनएसएस स्थापना दिवस

**राहौद।** नगर के राहौद शिक्षण समिति राहौद में एनएसएस स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती डॉ. कनक सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में मंचासीन हुई। विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम अधिकारी जयराम कश्यप, सहायक कार्यक्रम अधिकारी शुधा कश्यप एवं वरिष्ठ प्रध्यापक जी. पी. कौशिक, आर. एन. कश्यप, ए. के. कश्यप , एस. एन. साहू, प्रदीप वर्मा, नेहा डडसेना उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बी. एड. एवम डी एल एड के समस्त प्रशिक्षार्थी गण ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस का संपूर्ण आयोजन डी एल एड द्वितीय वर्ष द्वारा आयोजित कराया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद और राष्ट्र पिता महात्मा गांधी सरस्वती माता के चलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम की कड़ी में डी एल एड द्वितीय वर्ष के अंजना और वृषमती के द्वारा




ᵲनौजवान आओ रे , नौजवान गाओ रेᵳ गीत का गायन किया गया। तत्पश्चात ललिता राठिया के द्वारा एनएसएस का अपना अनुभव बताया गया और समाज को एक बहुत सुंदर संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में अनिरुद्ध कश्यप के द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। इसी कार्यक्रम मे गांधी जी के आदर्शों को पालन करते हुए बजरंग बली (राहौद) मंदिर के आसपास में साफ सफाई करते हुए उसको स्वच्छ बनाया, जिसमे राष्ट्रीय सेवा योजना के सेवक सेविकाएं सफाई कार्यों को पूर्ण किए, जिसमें मुख्य रूप से देवेन्द्र साहू, सुनील साहू, प्रवीण साहू, समता, अंजना, ललिता, वृषमती, सुष्मिता, राम कुमारी उपस्थित थे।



मां दुर्गा की विधि विधान से पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु।

## माता के दर्शन व पूजन करने उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिर्रा

विकास खंड बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम सेमरिया के जय ठाकुर देव युवा समिति के द्वारा बराही तालाब के पास में दुर्गा माता की मूर्ति स्थापित किया गया है। 26 सितंबर शुक्रवार को मां दुर्गा की प्रतिमा के दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

नवरात्रि के इस पवित्र अवसर पर ठाकुर देव मोहल्ला बराही तालाब के पास भव्य पंडाल सजाया गया है। जहां मां दुर्गा की मनमोहक प्रतिमा विराजमान की गई है। सुबह से देर रात तक श्रद्धालु माता के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंच रहे हैं। विशेष रूप से आरती के समय भक्तों का उत्साह चरम पर होता है। माता के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठता है,और भक्ति का अनुपम माहौल बनता है। आरती के बाद भजन संध्या, माता सेवा का आयोजन भी किया जाता है। जिसमें स्थानीय व आसपास क्षेत्र के कलाकारों व भक्तों द्वारा मां दुर्गा के भजनों और भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी जाती है। यह कार्यक्रम भक्तों के लिए आध्यात्मिक आनंद का केंद्र बना है। भजन संध्या,माता सेवा के आरती समापन पश्चात प्रसाद वितरण का आयोजन होता है। जिसमें सभी श्रद्धालु बड़े उत्साह के साथ भाग लेते हैं। स्थानीय निवासियों में पोथीराम कश्यप,ज्योति कश्यप, देवप्रसाद कश्यप का कहना है कि मां दुर्गा की यह प्रतिमा न केवल आस्था का प्रतीक है,बल्कि क्षेत्र की एकता और सांस्कृतिक समृद्धि को भी दर्शाती है। नवरात्रि के दौरान यह स्थान भक्ति का संगम बन जाता है। यह आयोजन न केवल गांव सेमरिया के लिए ही नहीं बल्कि आसपास के क्षेत्रों के लोगों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। हेमदास महाराज, सुंदर कश्यप, छब्बेलाल कश्यप, रामेश्वर, कमल कश्यप का कहना है कि भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करने वाली माता की कृपा से यह पर्व हर साल भव्य होता जा रहा है।

## पीएम सूर्यघर योजना के तहत लगाए गए सोलर पैनल



**मुलमुला।** अकलतरा डीसी के अंतर्गत ग्राम मूलमुला में पीएम सूर्य घर योजना के तहत हितग्राही श्रीमती संध्या गोस्वामी गोस्वामी के मकान की रूफटॉप पर सोलर पैनल लगाया गया, जिसे शारदा कंस्ट्रक्शन जांजगीर द्वारा स्थापित की गई। इस मौके पर विद्युत विभाग से ए ई बीएल जांगड़े, जेई जटवार एवं जेई मंजू जोशी, रवि कश्यप, मनीष तोंद्रे व कंपनी से ऐश्वर्या सिंह का विशेष सहयोग रहा। क्षेत्र में पीएम सूर्य घर के अंतर्गत पैनल लगाने हेतु इस क्षेत्र की जनता उत्सुक हैं। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना से उपभोक्ताओं को लाभ मिल रहा है बिजली बिल बहुत कम आ रहा हैं जिससे उपभोक्ताओं को काफी राहत मिल रही है।

## शिक्षक कला व साहित्य अकादमी का प्रतिभा सम्मान आज

**जांजगीर-चांपा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी जांजगीर चांपा के तत्वावधान में अकादमी के शिक्षक साथियों को उनके उपलब्धि परक कार्यों,नवाचार,शिक्षा, के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने पर प्रतिभाशाली शिक्षकों को शिकसा शिक्षक प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 से सम्मानित किया जाएगा। यह कार्यक्रम भक्त माता कर्मा सामुदायिक भवन जांजगीर में 28 सितंबर रविवार को 12 बजे से होगा। अकादमी के संस्थापक सयोजक डॉ. शिवनारायण देवांगन आस के निर्देशन, प्रदेश महासचिव डॉ. बोधी राम साहू,प्रदेश संगठन मंत्री राधेश्याम कवर कार्यक्रम प्रभारी के मार्गदर्शन में तैयारी चल रही है। शिकसा शिक्षक प्रतिभा सम्मान समारोह श्रीमति हेमलता शर्मा सहायक जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा के मुख्य आतिथ्य एवं श्रीमति ऋषिकांता राठौर बी आर सी सी नवागढ़, प्रदेश सलाहकार डॉ.प्रमोद आदित्य, टीकाराम सारथी,प्रदेश कोषाध्यक्ष जगन्नाथ देवांगन,प्रदेश प्रचार मंत्री चंद्र कुमार चंद्रा, डॉ.ज्योति सक्सेना प्रदेश उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ,श्रीमति चमेली साहू प्रदेश मीडिया प्रभारी महिला प्रकोष्ठ, ऋतंभरा कश्यप प्रदेश प्रवक्ता महिला प्रकोष्ठ,प्रतिभा यादव प्रदेश प्रचार मंत्री महिला प्रकोष्ठ सहित अतिथियों के आतिथ्य, में आयोजित होगा।

## दवाओं के सुरक्षित उपयोग को सुनिश्चित करते हैं फार्मासिस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

केशरी कॉलेज ऑफ फार्मेसी खोखरा में फार्मासिस्ट डे पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे 2025 की थीम "स्वास्थ्य की सोच, फार्मासिस्ट की ओर" पर आधारित है। यह थीम इस बात को उजागर करती है कि फार्मासिस्ट केवल दवाइयां देने वाले नहीं हैं, बल्कि वे स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली के एक महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। वे मरीजों को सही सलाह देते हैं, दवाओं के सुरक्षित उपयोग को सुनिश्चित करते हैं और स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने में अहम भूमिका निभाते हैं। 2025 की यह थीम फार्मासिस्ट को एक ऐसे पेशेवर के रूप में प्रस्तुत करती है जो स्वास्थ्य की सोच को दिशा देता है और हर व्यक्ति के बेहतर जीवन की ओर एक कदम है। संस्था के संचालक डॉ. सुरेश यादव ने अपने उद्बोधन में चिकित्सा क्षेत्र में फार्मासिस्ट का अहम योगदान होता है पर प्रकाश डाला। खासकर कोरोना महामारी के दौर में फार्मासिस्टों ने अहम भूमिका निभाई। दुनियाभर में फार्मासिस्टों ने कोरोना महामारी में अपनी जान की परवाह न कर लोगों की जान बचाई। इसके लिए फार्मासिस्ट को फ्रंट लाइन वर्कर्स कहा जाता है और जब टीकाकरण अभियान की शुरुआत हुई, तो सबसे पहले फ्रंट लाइन वर्कर्स को ही टीका लगाया गया। फार्मासिस्ट आपात स्थिति में रोगी के लिए




देवदूत समान बन जाते हैं। खासकर ग्रामीण इलाकों में फार्मासिस्ट आपातकालीन समय में गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीज को उचित दवाएं देकर उनको तत्काल राहत देते हैं। इसके बाद पीड़ित को अस्पताल ले जाने की सलाह दी जाती है। इस अवसर पर प्राचार्य रितेश पटेल ने बताया स्वास्थ्य विभाग में फार्मासिस्ट काफी अहम भूमिका निभाते है। फार्मासिस्ट द्वारा नई दवाइयों को तैयार करना, उनकी खोज करना, विभिन्न प्रकार के टीके का आविष्कार करना तथा बड़ी संख्या में उन्हे बाजार में पहुंचाना फार्मासिस्ट का अहम रोल होता है। यह नई दवाई का प्रशिक्षण, खोज और रिसर्च करते हैं। दवाओं को बनाना, उसे सुरक्षित रखना जैसे कार्य इनके कंधे पर होता है। फार्मासिस्ट छात्र - छात्राएं राधा रानी पटेल , यश कुमारी साहू, नेहा पटेल , योगेंद्र , जितेंद्र कटकवार, गुलशन पटेल सभी ने अपने - अपने विचार रखे। सभी ने केक काटकर एक दूसरे को फार्मासिस्ट दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर रंगा रंग कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

■ केशरी कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी खोखरा में फार्मासिस्ट डे पर कार्यक्रम आयोजित

## सुरक्षित प्रसव और टीकाकरण के लिए महिलाओं को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगाकोहरौद

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप - स्वास्थ्य केंद्र डोंगाकोहरौद में सास बहू सम्मेलन का आयोजन शुक्रवार 26 सितंबर को हुआ। सम्मेलन के दौरान गर्भवती महिलायों को सिंगार मिनी किट प्रदान किया गया।

■ सास-बहू सम्मेलन में गर्भवती महिलायों का किया गया सम्मान

उपस्थित महिलाओं को श्रीमती लक्ष्मी अक्षय बंजारे सी .एच.ओ . सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधिकारी ने गर्भ मे पल रहे बच्चा, गर्भवती माता सुराक्षित प्रसव फैमिली प्लानिंग द्वारा परिवार नियोजन के आधुनिक अस्थाई साधनों के बारे में बताया गया। सभी महिलाओं को इस बात की जानकारी दी गई कि सुरक्षित गर्भ की सुविधा अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप- स्वास्थ्य केंद्र डोंगाकोहरौद में उपलब्ध है। कार्यक्रम में सास बहू का मधुर संवाद ,परिचर्या , छोटे परिवार के फायदे सास बहू में बेहतर ताल - मेल परिवार नियोजन के अलावा महिलायों को नकारात्मक सोच न रखते हुए एक दूसरे के प्रति प्रोत्साहित करने के प्रति जागरूक किया जावें। सभी योजनायों के उद्देश्य के बारे में भी बताया गया। वक्ताओ ने लैंगिक भेदभाव, भ्रूण हत्या, जनसंख्या स्थितिकरण, परिवार नियोजन के लाभ एवं समाज में विभिन्न भ्रांतियां के निराकरण के बारे में चर्चा किया गया गांव में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की तैनाती की गई है। केंद्रों पर सुरक्षित प्रसव और टीकाकरण के लिए प्रेरित कर समाज को स्वस्थ बनाने की पहल करें। आयोजन में दिलीप गंधर्व आर एच ओ पुरुष एवं श्रीमति कामिनी बंजारे आर .एच .ओ., सुश्री प्रगति कांत एम.टी., मितानीन श्रीमती संतोषी साहू, प्रमिला श्रीवास, द्वासबाई कश्यप, मंगली धीवर, सरोजनी भास्कर, निर्मला खरे, केवरा कश्यप, जमोत्री कश्यप, गौरी चौहान, पूनम चौहान सविता कश्यप एवं समस्त मितानीन कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। सम्मेलन का संचालन दिलीप गंधर्व ने किया।



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं महिलाएं।

## नव नियुक्त सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष केडिया ने ग्रहण किया पदभार

**अकलतरा।** सेवा सहकारी समिति अकलतरा प.क.1034 ओके नो नियुक्त अध्यक्ष नरेश केडिया के द्वारा किसानों तथा कर्मचारियों की उपस्थिति में पद ग्रहण किया गया। पद ग्रहण करने पश्चात समिति में आम सभा का आयोजन कर अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 पूरे वर्ष सहकारिता दिवस मनाते हुए किसानों का श्री फल एवं पुष्पहार से सम्मानित किया गया। किसानों को संबोधित करते हुए नरेश केडिया ने कहा कि राज्य शासन द्वारा किसानों को केसीसी, खाद, बीज, सीएससी ,एटीएम सहित अनेक सुविधा प्रदान की जा रही है।



आने वाले समय मे सहकारी समिति के माध्यम से किसानों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं में और भी विस्तार किया जाएगा। कार्यक्रम में सरकारी समिति अध्यक्ष नरेश केडिया, संस्था प्रबंधक सुरेश कुमार देवांगन कंप्यूटर ऑपरेटर ताहिर मोहम्मद कुरैशी, भविष्य सिंह चंदेल, विक्रेता विजय कार्तिक राम मार्बल, जी दुर्गा राव, शोभाराम, गंगाधर, संतोष राठी ,चंद राम ,कलीराम, छत्रराम ,भोलाराम, राकेश एवं किसान बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय पोषण दिवस के अवसर पर मेरी थाली, सेहत वाली अभियान का हुआ शुभारंभ

## बच्चों और महिलाओ में अब भी कुपोषण जैसी समस्या बड़ी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहेराडीह

भारत में अब भी बच्चों और महिलाओ में कुपोषण, एनीमिया जैसी समस्याएं बड़ी चुनौती है। पोषण दिवस इन समस्याओ की ओर ध्यान दिलाता है और लोगों को स्थानीय, पौष्टीक तथा संतुलित भोजन अपनाने का सन्देश देता है।

उक्त बातें आरसेटी में खाद्य प्रसंस्करण आधारित 20 दिवसीय आचार, पापड़ व मसाला उद्योग प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल बिहान की क्रृषि सखी और पशु सखी दीदियों को सम्बोधित करते हुए क्रृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक व प्रमुख डॉ के डी महंत ने ब्यक्त किया। उन्होंने बताया कि 1 सितंबर से 30 सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है। जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों को सही पोषण और संतुलित आहार के महत्व के बारे में जागरूक करना, बच्चों, किशोरियों, गर्भवती व स्तन पान कराने वाली माताओं के कुपोषण को दूर करना स्वस्थ बच्चा, स्वस्थ भारत का सन्देश देना और आंगनबाड़ी, स्कूलों और पंचायत स्तर पर पोषण सम्बंधित गतिविधियां शुरू करना आदि शामिल हैं। क्रृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ आशुलता ध्रुव ने कहा कि प्रति वर्ष सरकार एक थीम तैयार करतीं है जैसे संतुलित आहार, एनीमिया नियंत्रण, स्थानीय आहार को बढ़ावा, जंक फ़ूड से बचाव, स्वास्थ्य शिविर, संगोष्ठी, रैली, निबंध, चित्रकला प्रतियोगिता, आंगनबाड़ी गतिविधिया आयोजित किया जाता है। और मेरी थाली, सेहत वाली जैसी अभियान चलाकर बच्चों और युवाओं को संतुलित आहार अपनाने के लिए प्रेरित किया जाता है। राष्ट्रीय पोषण दिवस के अवसर पर प्रशिक्षण के दौरान आरसेटी परिसर में विकसित पोषण वाटिका के पास सभी को वैज्ञानिक डॉ आशुलता ध्रुव ने शपथ दिलाई। इस मौके पर केंद्रीय रेशम बोर्ड तसर अनुसन्धान वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार के सलाहकार रामाधार देवांगन,संस्थान के निदेशक लक्ष्मीनारायण सिंकू, मास्टर ट्रेनर दीनदयाल यादव, उत्तम कुमार राठौर, बंशीलाल यादव, दाताराम कश्यप, गंगोत्री पटेल, गिरजा पटेल, जागेश्वरी, ज्योति यादव, अनिता चंद्रा, अंजू केवट, अश्विनी चंद्रा, सरिता चंद्रा, सुनिता यादव, शीतल, चन्द्रमा, इंदु बरेठ, सरिता सारथी, कामिनी गबेल, कुंती सिदार, चंद्र कुमारी, डेनिशा यादव, कविता साहू, खिलेश्वरी राठौर, ललिता कंवर, कल्याणी कंवर, लक्ष्मीन सिदार, पार्वती गबेल, ख़ुशी चंद्रा, गौरी सिदार, संगीता कश्यप, पूर्णिमा गंधर्व आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं।

## नगर पंचायत बाराद्वार में मनाई गई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाराद्वार

नगर पंचायत नया बाराद्वार में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण कुर्रे एवं उपाध्यक्ष जितेश शर्मा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म-जयंती पर उनकी प्रतिमा में माल्यार्पण किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के तहत एक दिन, एक घंटा, एक साथ श्रमदान किया गया। अध्यक्ष नारायण कुर्रे ने सभी को हर सप्ताह दो घंटे अपने आस-पास परिसर में श्रमदान करने के लिए संकल्पित किया। उपाध्यक्ष जितेश शर्मा ने स्वच्छता दीदियों, विद्यार्थियों, सफाई कर्मचारियों एवं वहां उपस्थित सभी लोगों को शहर में स्वच्छता रखने व अपने नागरिक कर्तव्य का पालन करने के लिए



प्रेरित किया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि अमित कालानोरिया, भाजपा जिला मंत्री अरुण शर्मा, चैम्बर के प्रदेश मंत्री दिनेश शर्मा,पार्षद प्रतिनिधि महावीर राठौर, पार्षद अजय सिंह राजपूत,पार्षद अमित बरेठ, पार्षद पवन बंसल, पार्षद पुष्पा भारत कर्ष, पार्षद ओम प्रकाश कुर्रे, पार्षद अंजु कुर्रे, पूर्व पार्षद पंकज सांवरिया , मेघनू भैना एवं भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, स्वच्छता दीदी, विद्यार्थी एवं नागरिक गण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### दिव्यांगजनो को दिव्यांगता प्रमाण पत्र का किया गया वितरण




**सक्ती।** रजत जयंती वर्ष 2025-26 के अवसर पर कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशानुसार विभिन्न विभागों द्वारा अनेक जनहितकारी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में समाज कल्याण विभाग और जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा दिव्यांगजनो को दिव्यांगता प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इसके साथ ही इस अवसर पर नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नशा का त्याग करने के लिए जागरूक करते हुए शपथ भी दिलाया गया। समाज कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार आज मेडिकल बोर्ड द्वारा 14 दिव्यांगजनो को तत्काल दिव्यांगता प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के उप संचालक श्री सुनील कुमार मिश्रा, सिविल सर्जन डॉ. संतोष कुमार पटेल सहित विभिन्न हितग्राही और आमजन उपस्थित थे।

### स्वास्थय परीक्षण और रक्तदान शिविर आज

**अकलतरा।** सामुदायिक स्वास्थय केंद्र मे स्वास्थय परीक्षण और रक्तदान शिविर का आयोजन 28 सितंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जाएगा। बीएमओ महेंद्र सोनी ने बताया कि बीपी, सुगर की जांच सहित सामान्य स्वास्थय परीश्रण किया जाएगा एवं जिला अस्पताल जांजगीर मे जितने यूनिट के संरक्षण की वयवस्था होगी, उतने यूनिट का ही रक्तदान करवाया जाएगा। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गोपेश तुलस्यान ने बताया कि सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत यह स्वास्थय परीक्षण और रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह , भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े , महामंत्री नंद चौधरी सहित भाजपा के कार्यकर्ता बडो संख्या मे उपस्थित रहेंगे। नगर महामंत्री गोवर्धन साहू, सुमित सिंह चंदेल ,सेवा पखवाड़ा के अकलतरा नगर मंडल की संयोजक सुनीता सिंह, सहसंयोजक आयुष शर्मा, विकास भारद्वाज ने शिविर का अधिक से अधिक संख्या में लाभ उठाने का आग्रह किया है।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का प्रसारण आज

**जांजगीर-चांपा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात का प्रसारण रेडियो दूरदर्शन एवं अन्य चैनलों के माध्यम से प्रातः 11 बजे 28 सितंबर रविवार को होगा। मन की बात के जिला संयोजक एवं जिला पंचायत में सांसद प्रतिनिधि विवेका गोपाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के समस्त मंडल अध्यक्ष गण महामंत्री मन की बात के विधानसभा संयोजक अपने-अपने बूथ केंद्रो पर मन की बात सुनने की समुचित व्यवस्था करें एवं अपने मंडलों में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं को आम जनता को भी सूचना देकर किसी सार्वजनिक स्थल पर गुड़ी में चौपाल में किसी कार्यकर्ता के घर पर अधिक से अधिक संख्या में एकत्रित होकर मन की बात सुने। मन की बात सुनने के पश्चात उसी बूथ केंद्र पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता संगठनात्मक बैठक भी करें।

### राज्य स्तरीय फूटबॉल प्रतियोगिता के लिए अंकिता का चयन



**सक्ती।** परमेश्वरी पब्लिक स्कूल सक्ती के प्रतिभागियों का 25 वीं शालेय फूटबॉल क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025-26 बालिका 17 वर्ष आयु वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। जिसमें 17 वर्ष आयु बालिका वर्ग फूटबॉल प्रतियोगिता में राज्य स्तर के लिए अंकिता यादव का चयन राज्य स्तरीय फूटबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ हैं। 15 सितंबर को कोरबा में संभाग स्तरीय शालेय क्रीड़ा फूटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें परमेश्वरी पब्लिक स्कूल के छात्राओं ने भाग लिया एवं अपने अच्छा खेल का प्रदर्शन कर 27 सितंबर से 30 सितंबर तक रायपुर में होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अंकिता यादव ने अपना स्थान बनाने कामयाब रही। विद्यालय समिति अध्यक्ष संतोष कुमार देवांगन एवं सचिव कृष्ण कुमार देवांगन ने सभी खिलाड़ियों की उज्जवल भविष्य की कामना की। सभी खिलाड़ी क्रीड़ा शिक्षिका स्वेक्षा रावत के मार्गदर्शन प्रतिदिन अभ्यास कर रहे हैं।

---

कलेक्टर ने ली शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक, बोर्ड परीक्षा के विद्यार्थियों पर विशेष फोकस करने दिए निर्देश

# कम परीक्षा परिणाम वाली शालाओं की होगी नियमित मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा


समीक्षा बैठक में उपस्थित शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी।

शिक्षा विभाग की कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने समीक्षा बैठक ली और विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने पर विशेष जोर दिया। कलेक्टर ने कहा कि जिन विद्यालयों का परीक्षा परिणाम इस वर्ष कम आया है, वहां नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी और शिक्षकों को मेहनत कर आगामी सत्र में बेहतर परिणाम देने होंगे।

बैठक में कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने शिक्षा की गुणवत्ता, विद्यालयों की जिम्मेदारी, बच्चों की पढ़ाई और शिक्षकों के दायित्व को लेकर गहन चर्चा की। उन्होंने कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणामों का विश्लेषण करते हुए शिक्षा अधिकारियों और प्राचार्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को नियमित प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि वे अपने विषय एवं कौशल से जुड़ी नई-नई जानकारियां हासिल कर विद्यार्थियों को लाभ पहुंचा सकें। उन्होंने साफ-सफाई, अधोसंरचना, शिक्षा की गुणवत्ता और विद्यालय परिसर को स्वच्छ बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। कलेक्टर ने कहा कि जिन विद्यालयों का परीक्षा परिणाम इस वर्ष कम आया है, वहां नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी और शिक्षकों को मेहनत कर आगामी सत्र में बेहतर परिणाम देने होंगे। उन्होंने प्रयोगशालाओं में नियमित प्रैक्टिकल कराने और स्मार्ट क्लास-लैब की प्रभावी उपयोगिता पर भी जोर दिया। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि विद्यालय परिसर में अनावश्यक सामग्री हटाने व मरम्मत कार्यों को गंभीरता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही विद्यालयों के आसपास से अतिक्रमण हटाने और बिजली के खंभों को नियमानुसार हटाने व सुरक्षित करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों का भी नियमित आयोजन किया जाए, जिससे बच्चों में खिलाड़ी भावना विकसित हो और वे आगे बढ़ सकें। उन्होंने विशेष रूप से दिव्यांग और कमजोर बच्चों पर ध्यान देने तथा उन्हें प्रोत्साहन देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को नवोदय, आर्मी स्कूल और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए शिक्षकों को मार्गदर्शन देना होगा। विद्यालयों में संचालित सभी गतिविधियों को समय-समय पर शिक्षा विभाग के पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने कहा कि विद्यार्थियों से संबंधित छात्रवृत्ति के सभी प्रकरणों पर प्राथमिकता के साथ कार्य किया जाए, उन्होंने यह भी कहा कि नवोदय विद्यालयों में विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी के लिए विशेष मार्गदर्शन और संसाधन उपलब्ध कराए जाएं। कलेक्टर ने मध्याह्न भोजन की समीक्षा करते हुए कहा कि बच्चों को गुणवत्तायुक्त और पोषक भोजन उपलब्ध कराया जाए। भोजन परोसने से पूर्व शिक्षक, अभिभावक या शिक्षा समिति द्वारा भोजन की जांच अनिवार्य रूप से की जाए। कलेक्टर ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता सुधारना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस दौरान उन्होंने कस्तूरबा आवासीय विद्यालय की भी समीक्षा की और विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में पाठ्यपुस्तक, गणवेश वितरण, छात्रवृत्ति, जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा एवं एनएमएमएस परीक्षा की तैयारी, एक पेंड मां के नाम, स्वच्छ विद्यालय एवं हरित विद्यालय तथा स्वच्छता पखवाड़ा की समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, डीईओ अश्वनी भारद्वाज, डीएमसी आर के तिवारी, बीईओ सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

---



## सीएमएचओ ने उप स्वास्थ्य केन्द्र का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

- व्यवस्थाओं को और मजबूत बनाने के लिए दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने चिखलरौंदा उप स्वास्थ्य केंद का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की। साथ ही मानव संसाधन व सुविधाओं की कार्यकुशलता का परीक्षण। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद में रोग नियंत्रण कार्यक्रमों की स्थिति पर चर्चा की और व्यवस्थाओं को और मजबूत बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में और निक्षय मित्र योजना के अंतर्गत टीबी एवं कुष्ठ रोगियों की शीघ्र पहचान और समय पर उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सक्ती डॉ. पूजा अग्रवाल एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री कीर्ति बड़ा ने अपने स्वास्थ्य अमले के साथ चिखलरौंदा उप स्वास्थ्य केंद का औचक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण टी.बी. और कुष्ठ रोग नियंत्रण के अंतर्गत किया गया, जिसका उद्देश्य टीबी और कुष्ठ रोग की पहचान एवं उपचार की प्रगति का आकलन, स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत की समीक्षा, मानव संसाधन व सुविधाओं की कार्यकुशलता का परीक्षण। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद में रोग नियंत्रण कार्यक्रमों की स्थिति पर गहन चर्चा की गई और व्यवस्थाओं को और मजबूत बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पूजा अग्रवाल ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार केवल एक लक्ष्य नहीं बल्कि हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। हर नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाना ही हमारा संकल्प है। यह कदम टीबी मुक्त ग्राम और कुष्ठ मुक्त ग्राम की दिशा में एक निर्णायक और ऐतिहासिक पहल साबित होगा।

---

## नगर पालिका में प्रस्तावित निर्यात कर के विरोध में एनएसयूआई एवं युवा कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

- व्यापार को बचाने एवं बढ़ाने की दृष्टिकोण से प्रस्तावित निर्यात कर को निरस्त करने की मांग



अकलतरा नगर पालिका में प्रस्तावित निर्यात कर का विरोध करते हुए एनएसयूआई एवं युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर नगर में निर्यात कर नहीं लगाए जाने की मांग की गई है।

इस संबंध में एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अंकित सिंह सिसोदिया ने बताया कि वर्तमान में केन्द्र सरकार द्वारा जी.एस.टी. लागू कर दिया गया है जिस कारण सारे व्यापारी पहले से त्रस्त है। अकलतरा का व्यापार आसपास के गावो के मुकाबले भी नहीं बचा है, उसके पश्चात नगर पालिका के द्वारा अलग से निर्यात कर वसूला जावेगा। इस स्थिति में अकलतरा का व्यापार पूरी तरह से ठप्प हो जाएगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी अकलतरा नगरपालिका प्रशासन की होगी। अकलतरा के व्यापार को बचाने एवं बढ़ाने की दृष्टिकोण से प्रस्तावित निर्यात कर को निरस्त करने की मांग की गई है। नगर में यदि निर्यात कर लगाया जाता है तो इसका कड़ा विरोध किया जायेगा। ज्ञापन सौंपने वालों में एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अंकित सिंह सिसोदिया, पार्षद राज कुमार सिंह, अभिजीत सोनवानी, अर्पित देवांगन, अमन सोनवानी एवं कार्यकर्ता शामिल थे।

---

## गौ संरक्षण एवं संवर्धन के लिए गौ विज्ञान परीक्षा अनूठी पहल : पांडेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

- शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय के संचालक एवं प्राचार्य की बैठक एवं प्रशिक्षण आयोजित


उपस्थित विद्यालय के संचालक एवं प्राचार्यों को संबोधित करते अतिथि।

स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में 26 सितंबर को गौ विज्ञान परीक्षा हेतु पामगढ़ अंचल के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय के संचालक एवं प्राचार्य की महत्वपूर्ण बैठक एवं प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। परीक्षा का आयोजन 4 नवंबर को होगा। जिसमें राज्य स्तर पर प्रथम आने वाले विद्यार्थियों को 51 हजार, द्वितीय स्थान पाने वाले विद्यार्थी को 31 हजार रुपए व तीसरे स्थान पाने वाले बच्चों को 21 हजार रुपए प्रदान किए जाएंगे। इसी प्रकार जिला स्तरीय परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को क्रमशः 3,100, 2100 एवं 11 सौ रुपए नगद पुरस्कार के साथ गौ उत्पाद किट प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मनोज पांडेय प्रांत प्रभारी, गौ विज्ञान समिति, नरेंद्र पांडेय जिला प्रभारी, गौ विज्ञान समिति, विजय राठौर जिला सह प्रभारी, प्रमोद सिंह जिला नोडल, धनंजय दिव्या ब्लॉक अध्यक्ष पामगढ़ ,मोहन कौशिक विकासखंड शिक्षा अधिकारी पामगढ़ उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मनोज पांडेय ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति द्वारा आयोजित गौ विज्ञान परीक्षा 2025 एक अनूठी पहल है, जिसका उद्देश्य भारतीय गौ माता के वैज्ञानिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक महत्व के प्रति जन जागरूकता बढ़ाना है। यह विद्यार्थियों एवं युवाओं को भारतीय परंपरा से जोड़ने और गौ माता के संरक्षण व संवर्धन के प्रति जागरूकता करने का माध्यम है। नरेंद्र पांडेय ने कहा कि बड़े-बड़े वैज्ञानिक एवं शोधकर्ताओं ने सिद्ध किया है कि गाय का दूध, गोबर, मूत्र के अनेकों जैविक एवं औषधीय उपयोग हैं। गाय सिर्फ धार्मिक दृष्टिकोण ही नहीं अपितु वैज्ञानिक आधारों पर भी काफी महत्वपूर्ण स्थान रखता है। विजय राठौर ने कहा कि गायों का उचित रख-रखाव एवं उनकी आने वाली नस्लों को बचाना हमारा कर्तव्य है, ताकि लंबे समय तक हमें गौवंश से लाभ मिल सके। मोहन कौशिक ने कहा कि गौसेवा भारतीय संस्कृति की आत्मा है, जो केवल दूध और रोजगार का साधन नहीं बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस कार्यक्रम में सभी स्कूलों के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

---

## महिला कबड्डी प्रतियोगिता में लक्ष्मणेश्वर कालेज बना सिरमौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

- श्री ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय बनाहिल में हुआ आयोजन, 10 कॉलेज की टीम ने निभाई सहभागिता



उपस्थित अतिथि, क्रीड़ा प्रभारी एवं खिलाड़ी।

परिक्षेत्र स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन श्री ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय बनाहिल में हुआ। प्रतियोगिता में 10 महाविद्यालयों की टीम ने अपनी सहभागिता निभाई। फाइनल मैच में शासकीय लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय खरौद ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर महाविद्यालय पामगढ़ को हराकर जीत दर्ज की।

श्री ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय, बनाहिल में परिक्षेत्र स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ संस्था के संचालक डॉ. जेके जैन, प्राचार्य डॉ शिखा सिंह, संस्था सचिव अंकित जैन , पर्यवेक्षक के रूप में शासकीय लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय खरौद से डॉ. विश्वास विश्वकर्मा की उपस्थिति में किया गया। प्रतियोगिता में 10 महाविद्यालयों की टीम ने सहभागिता निभाई। फाइनल मैच में डॉ. भीमराव अम्बेडकर महाविद्यालय पामगढ़ और शासकीय लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय खरौद के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। अंततः शासकीय लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय खरौद ने इस मैच में जीत हासिल की और डॉ.भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय पामगढ़ उपविजेता रही। प्रतियोगिता में चंद्रशेखर सिंह महतो, गजेंद्र सिंह चौहान एवं विवेकव्रत उपाध्याय के द्वारा निष्पक्ष मैच रेफरी की भूमिका निभाई गई । प्रतियोगिता के समापन समारोह में विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार और मेडल प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन श्वेता सिंह चंदेल एवं आभार प्रदर्शन राहुल राठौर के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालयों के क्रीड़ा प्रभारी,खिलाड़ी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

---

## मोबाइल मेडिकल यूनिट नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर , 75 मरीजों की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़


उपस्थित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, मेडिकल स्टाफ एवं स्वच्छता दीदी।

रजत जयंती वर्ष एवं स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत राछाभाटा नवागढ़ में गुरुवार को मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया।

सीएमओ विष्णु यादव ने बताया कि शिविर में स्वच्छता दीदी, सफाई कर्मचारियों एवं क्षेत्र के नागरिकों सहित कुल 75 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई। इनमें 40 महिलाएं, 31 पुरुष और 4 बच्चे शामिल थे। 11 मरीजों का रक्त परीक्षण किया गया तथा 73 मरीजों को तत्काल दवा वितरण कर लाभान्वित किया गया। शिविर में बीपी, शुगर एवं महिलाओं से संबंधित स्वास्थ्य जांच भी की गई। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने शिविर स्थल पर पहुंचकर मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना एवं स्वास्थ्य विभाग की इस पहल की सराहना की। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अर्चना देवांगन, उपाध्यक्ष निरंजन कोसले, सीएमओ विष्णु यादव, एपीएम अमित गौरहा, डॉ. अमन मोदी, मोबाइल मेडिकल यूनिट का स्टाफ, विभिन्न वार्डों के पार्षद, स्वच्छता दीदी एवं सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

## पिहरिद शिविर में रक्तदाओं ने किया 33 यूनिट रक्तदान


शिविर में रक्तदान करने पहुंचे युवा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान एवं सेवा पखवाड़ा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है। जिसमें प्रत्येक दिवस अलग अलग गतिविधिया की जा रही है। इसी कड़ी में डॉ मृत्युंजय राठौर खंड चिकित्सा अधिकारी के द्वारा जानकारी दिया गया कि 25 सितंबर 2025 को उप स्वास्थ्य केंद्र पिहरिद में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया । जिसमें क्षेत्र ग्रामीण बड़ी संख्या में रक्तदान करने पहुंचे सभी को जांच उपरांत 33 यूनिट रक्त दान हुआ । वही इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया गया । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रितेश साहू जनपद उपाध्यक्ष ,घनश्याम भारद्वाज भाजपा मंडल अध्यक्ष छपोरा , बीडीसी ललिता डहरिया, सरपंच दयालु जाटवर, राजू चंद्रा , नन्हा साहू, अजय , घशियाराम, लक्ष्मण दास मानिकपुरी और भाजपा कार्यकर्ता की उपस्थिति थे।

मोटापे का ईलाज
वेजर लाइपोसक्शन व्दारा
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

NABH Entry Level
ओम हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- हाई रिस्क प्रेगनेंसी (गर्भावस्था संबंधित जटिलताओं का संभव सफलतापूर्वक ईलाज)
- नार्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा
- बांझपन का ईलाज
- मासिक धर्म में दर्द, अनिमियता, मासिक धर्म का रुक जाने का ईलाज एवं सलाह
- गर्भाशय के रोग जैसे बच्चेदानी में गाँठ, सूजन
- संक्रमण, श्वेद प्रदर (सफेद पानी जाना), गर्भाशय का अपने स्थान से हट जाने का ईलाज
- बच्चेदानी एवं अंडेदानी का कैंसर का ईलाज
- बच्चेदानी एवं अंडेदानी संबंधित सभी बीमारीयों का दूरबीन द्वारा ईलाज
शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, BSKY, ESIC, CSEB, TPA एवं INSURANCE से फ्री में ईलाज
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.), मो. 8370008551
खरोरा रोड, तिल्दा (छ.ग.), मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड,सरायपाली (छ.ग.), मो.8370008558
प्रताप देव वार्ड नं. 11, हटा गांधी मैदान के सामने जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9131753200
#Rajesh

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
सर्जिकल गैस्ट्रो एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी विभाग
गालब्लेडर एवं गालब्लेडर की पथरी का लेप्रोस्कोपिक विधि व्दारा सर्जरी
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277, मो. : 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
30 सितंबर 2025 तक बुकिंग कराने पर
11 सीटें शेष
रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि : स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar , KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411